**Need to extend the services of Patalkot Express (Train no 14623/24) upto Balaghat in Madhya Pradesh-laid**

श्रीमती भारती पारधी **(बालाघाट) :** मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान एक महत्वपूर्ण जनसमस्या की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ । पातालकोट एक्सप्रेस (14623-14624), जो वर्तमान में फिरोजपुर कैंट से चलती है, इसका विस्तार छिंदवाड़ा से सिवनी, नैनपुर होते हुए बालाघाट तक किया जाना चाहिए । यह कदम हमारे क्षेत्र के नागरिकों को सुगम यात्रा की सुविधा प्रदान करेगा और क्षेत्र के सामाजिक व आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा ।

बालाघाट और उसके आसपास के क्षेत्रों में रेल सेवाओं की कमी के कारण नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए अन्य शहरों में जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । यदि इस ट्रेन का विस्तार बालाघाट तक होता है, तो यह क्षेत्र सीधे दिल्ली जैसे बड़े केंद्रों से जुड़ सकेगा । इसके साथ ही, इस विस्तार से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा । नैनपुर से बालाघाट के बीच स्थित कान्हा नेशनल पार्क और कोटेश्वर धाम जैसे पर्यटन स्थल पर्यटकों को आकर्षित करेंगे, जिससे स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे । साथ ही, किसानों और उद्यमियों को अपने उत्पाद बड़े बाजारों तक पहुंचाने में आसानी होगी, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी ।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करती हूँ कि इस प्रस्ताव पर शीघ्र कार्रवाई करें ।